कोटद्वार, बुधवार
6 मार्च 2024
वर्षः 45
अंकः 302 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## देवभूमि से सिर्फ दो हजार में फ्लाइट से होंगे अयोध्या धाम के दर्शन

● मुख्यमंत्री धामी आज करेंगे अयोध्या, पंतनगर, वाराणसी और अमृतसर की उड़ान का शुभारंभ



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : देवभूमि से अयोध्या धाम के दर्शन हवाई सेवा से सिर्फ 1999 रुपये में होंगे। यह छूट 7006 रुपये फ़्लाइट के टिकट पर 20 मार्च तक रहेगा। इसके अलावा पंतनगर, वाराणसी और अमृतसर के लिए भी उद्घाटन के दिन 1999 रुपये किराया रहेगा। जबकि नियमित उड़ान पर पूरा किराया लिया जाएगा। सभी उड़ानों का शुभारंभ मुख्यमंत्री बुधवार को जौलीग्रांट में करेंगे।

उत्तराखंड के जौलीग्रांट एयरपोर्ट (हवाई अड्डा) से राज्य सरकार एयर कनेक्टिविटी योजना के तहत बुधवार से तीन बड़े शहर अयोध्या, वाराणसी और अमृतसर के लिए नियमित फ्लाइट सेवा शुरू करने जा रही है। राज्य के सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने बताया कि सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग ने बुधवार से शुरू होने जा रही उड़ानों का शेड्यूल और किराया तय कर लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अयोध्या धाम जाने वाली फ्लाइट का किराया 7006 रुपये में बड़ी छूट देते हुए 20 मार्च तक 1999 रुपये तय किया है। इससे अयोध्या धाम और श्री राम मंदिर के दर्शन करने वालों को समय के साथ प्रति टिकट पर 5000 का आर्थिक लाभ मिलेगा।

### यह रहेगा उड़ान का समय

देहरादून से अयोध्या धाम के लिए तय शेड्यूल के दिन सुबह 9:40 बजे उड़ने वाली उड़ान 11:30 बजे अयोध्या पहुंचेगी। जबकि अयोध्या से तय शेड्यूल से अयोध्या से 12:15 बजे उड़ने वाली उड़ान 1:55 बजे देहरादून पहुंचेगी।

जबकि दून से अमृतसर, वाराणसी और पंतनगर की फ्लाइट का किराया उद्घाटन के दिन 6 और 7 मार्च को 1999 रुपये रहेगा। कहा कि अयोध्या के लिए प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को फ्लाइट उड़ेगी। छूट सिर्फ 20 मार्च तक के शेड्यूल के किराए पर रहेगी, इसके बाद पूरा किराया लिया जाएगा। जबकि दून से पंतनगर का किराया 4500 रुपये, पंतनगर से वाराणसी का किराया 6400 रुपये तय किया गया है। दोनों जगह उद्घाटन उड़ान के बाद 23 मार्च से नियमित उड़ानें मंगलवार, गुरुवार तथा शनिवार से उड़ेंगी। इसके अलावा दून से अमृतसर के लिए हेमकुंड साहिब यात्रा के दौरान नियमित उड़ानें प्रत्येक सप्ताह सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उड़ेंगी। यहां नियमित उड़ान का किराया 4850 रुपये तय किया गया है।

### मायावती ने मिलाया केसीआर से हाथ, बसपा और बीआरएस मिलकर लड़ेंगे संसदीय चुनाव

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस–समाजवादी पार्टी (सपा) से समान दूरी बनाकर चल रहीं मायावती ने तेलंगाना में पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) से हाथ मिला लिया है।

हैदराबाद में मंगलवार को केसीआर की उपस्थिति में बीआरएस ने बसपा के साथ गठबंधन की औपचारिकता पूरी की। इसके बाद केसीआर ने प्रवीण कुमार के साथ एक प्रेस कान्फ्रेंस भी किया।

**बसपा और बीआरएस मिलकर संसदीय चुनाव लड़ेंगे– केसीआर**

केसीआर ने कहा कि बसपा और बीआरएस मिलकर संसदीय चुनाव लड़ेंगे। बुधवार को मायावती से बात कर दोनों दल सीटों के बंटवारे पर सहमति भी बना लेंगे। तीन महीने पहले हुए तेलंगाना विधानसभा चुनाव में केसीआर राज्य की सत्ता से बाहर हो गए थे। लोकसभा चुनाव के लिए उन्हें एक सहयोगी दल की तलाश थी।

## लगातार हो रही बर्फबारी बन रही मुसीबत

■ जमी बर्फ में फंसे 30 पर्यटक, रेस्क्यू जारी




रुद्रप्रयाग। जिले के पर्यटक स्थल चोपता में पिछले दिनों लगातार हुई बर्फबारी के बाद यहां लगभग 30 पर्यटक फंस गए हैं। 4 से 5 फीट बर्फ मोटर मार्क पर जमी हुई है, सूचना के बाद मंगलवार को जिला आपदा प्रबंधन की टीम बर्फ साफ कर पर्यटकों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।उच्च हिमालय क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से लगातार बर्फबारी हो रही थी। इस बीच जिले के मिनी स्वीटजरलैंड कहें जाने वाले चोपता में बड़ी संख्या में पर्यटक बर्फ का लुत्फ लेने पहुंचे लेकिन भारी बर्फबारी के चलते इस क्षेत्र में 30 पर्यटक फंसे होने की सूचना प्रशासन को मिली।

**यात्रियों को निकालने का प्रयास जारी**

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि कुंड चोपता गोपेश्वर एनएच 107 पर लगातार हुई भारी बर्फबारी से कुण्ड–चोपता–भुलकन मार्ग चोपता से भुलकन तक बाधित है। जहां तीन से चार फुट तक बर्फ को हटाने का कार्य में जारी है। एसडीआरफ़ और एनएच, जिला प्रशासन की टीम मौजूद है।

25 से 30 फंसे यात्रियों को निकालने का प्रयास जारी हैं।

## भारत–फ्रांस ने अंतरिक्ष क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग–क्षमता निर्माण पर किया मंथन



नई दिल्ली। दिल्ली में आयोजित दूसरी भारत–फ्रांस रणनीतिक अंतरिक्ष वार्ता में दोनों पक्षों ने अंतरिक्ष क्षेत्र में चल रहे मजबूत द्विपक्षीय जुड़ाव और सरकारी क्षेत्र व वाणिज्यिक क्षेत्र में आगे के सहयोग के रास्ते पर चर्चा की। इस दौरान पहली रणनीतिक अंतरिक्ष वार्ता के बाद हुई प्रगति की भी समीक्षा की गई।

अंतरिक्ष वार्ता की सह–अध्यक्षता भारत की ओर से विदेश सचिव विनय क्वात्रा और फ्रांस की ओर से यूरोप–विदेश मामलों के मंत्रालय की महासचिव एनी मैरी डेस्कोट्स ने की। इस दौरान दोनों पक्षों ने रक्षा अंतरिक्ष सहयोग, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण और अंतरिक्ष आदान–प्रदान और रक्षा अंतरिक्ष औद्योगिक सहयोग पर हाल ही में हस्ताक्षरित आशय पत्र के क्रियान्वयन पर भी चर्चा की।

**दोनों पक्षों ने अंतरिक्ष सुरक्षा पर चर्चा की**

इसके पहले सोमवार को भारत–फ्रांस ने परमाणु, रासायनिक और जैविक हथियारों के निरस्त्रीकरण और अप्रसार पर चर्चा के लिए द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों पक्षों ने अंतरिक्ष सुरक्षा, सैन्य क्षेत्र में एआई समेत पारंपरिक हथियारों, घातक स्वायत्त हथियार प्रणालियों और बहुपक्षीय निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

**जयशंकर ने एनी मैरी डेस्कोट्स के साथ बैठक की**

इसके साथ ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को फ्रांस की यूरोप–विदेशी मामलों के मंत्रालय की महासचिव एनी मैरी डेस्कोट्स के साथ भी बैठक की। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी तेजी से मजबूत हो रही है।

### ज्ञानवापी मामला : मंदिर ट्रस्ट के सीईओ ने की तहखाने की छत की मरम्मत की मांग

वाराणसी ,श्री काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विश्व भूषण मिश्रा ने ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने की छत की मरम्मत के लिए जिला न्यायाधीश की अदालत में एक आवेदन किया है। सोमवार को दिए गए आवेदन में कहा गया कि नमाज पढ़ रही भीड़ के कारण हुए कंपन के कारण छत से एक पत्थर गिर गया। ज्ञानवापी मामलों के विशेष सरकारी वकील राजेश मिश्रा ने कहा, मंदिर ट्रस्ट के सीईओ ने दक्षिणी तहखाने की छत पर नमाज के लिए पहुंचने वाले नमाजियों की भीड़ को भी रोकने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के लिए 19 मार्च की तारीख तय की है। अपने आवेदन में, मिश्रा ने उल्लेख किया कि जिला न्यायाधीश की अदालत के 31 जनवरी के आदेश के अनुसार, मंदिर ट्रस्ट बोर्ड ने ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने के अंदर देवताओं की नियमित पूजा के लिए एक पुजारी की व्यवस्था की है। उन्होंने कहा,पुजारी ने बताया कि तहखाने की दीवारें और छत जर्जर हालत में हैं और छत से पानी भी रिस रहा है।

## सीएम ने की पुरोला को नगर पालिका बनाने की घोषणा




जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को रामलीला मैदान, बड़कोट उत्तरकाशी में आयोजित 'लाभार्थी सम्मान समारोह' में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने नगर पंचायत पुरोला को नगर पालिका परिषद, पुरोला बनाए जाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को सामग्री, चेक प्रदान किए। जिसमें पीएम ड्रोन दीदी योजना के अंतर्गत वीरांगना कृषि उत्पादन संगठन जखोल को खेती बागवानी के काम में आने वाले ड्रोन केन्द्र के संचालन हेतु दस लाख रूपये की लागत का ड्रोन प्रदान करने के साथ ही सीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत फार्म मशीनरी बैंक के लिए समूहों को कृषि यंत्र। लखपति दीदी योजना, ईजा-बोई शगुन योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को देय अनुदान व योजना राशि के चेक वितरित किए एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की अनेक लाभार्थियों को आवास की चाबी प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तरकाशी बड़कोट एवं रंवाई क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का समाधान हमारी सरकार प्राथमिकता से करेगी। जनप्रतिनिधियों द्वारा दी गई विभिन्न विकास योजनाओं पर भी जल्द कार्य शुरू किया जायेगा। उन्होंने बड़कोट हेतु पेयजल योजना पर जल्द कार्य किए जाने की बात कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का संचालन धरातल में देखने को मिलता है। आज पात्र लाभार्थियों को ही संबंधित योजना का लाभ मिल रहा है। भ्रष्टाचार पर कड़ा प्रहार हुआ है। युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। विभिन्न रोजगार मेलों का आयोजन कर रोजगार देने का कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार के साथ मिलकर प्रदेश सरकार द्वारा विकास, सुशासन, रोजगार तथा उत्तराखंड की विशिष्ट संस्कृति को बचाने के लिए कार्य किए जा रहे है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष सतेंद्र राणा, विधायक दुर्गेश्वर लाल, विधायक सुरेश चौहान, विधायक संजय डोभाल, आपदा प्रबंधन सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष विनय रोहिल्ला, बागवानी विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष राजकुमार, पूर्व विधायक केदार सिंह रावत, मीडिया प्रभारी भाजपा मनवीर चौहान, जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

### एक नजर

**उत्तराखण्ड में 33 परियोजनाओं के लिए केंद्र ने जारी किए 559 करोड़**

**– मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रकट किया आभार**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विशेष प्रयासों के क्रम में भारत सरकार ने प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर अवस्थापना विकास हेतु 33 परियोजनाओं के लिए 559 करोड़ की धनराशि जारी करा दी है। वित मंत्रालय ने मंगलवार को इस बाबत पत्र उत्तराखण्ड शासन को भेज दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई धनराशि से प्रदेश में विकास को और तेज गति मिलेगी।

**गांजा तस्कर को 11 साल का कठोर कारावास व 01 लाख अर्थदंड**

अल्मोड़ा। गांजा तस्करी के एक मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएस) श्रीकान्त पाण्डेय ने अभियुक्त कैलाश सिंह रावत को धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत 11 साल का कठोर कारावास व एक लाख रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) पूरन सिंह कैड़ा ने बताया कि दिनांक 25–05–2022 को पुलिस चेकिंग के दौरान अभियुक्त की गाड़ी से 05 बोरों में 54.754 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। जिसे मौके पर शील सर्व मोहर कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।इस मामले का विचारण विशेष सत्र न्यायाधीश, अल्मोड़ा के न्यायालय में चला। इस मामले में अभियोजन की ओर से 07 गवाहों को न्यायालय में परीक्षित कराया गया तथा अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, पूरन सिंह कैड़ा एवं सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी शेखर चन्द्र नैल्वाल द्वारा न्यायालय को बताया कि अभियुक्त कैलाश सिंह रावत से अवैध गांजा बरामद हुआ है और अभियुक्त द्वारा अवैध रूप से गांजे का कारोबार किया जा रहा है ।

## सीमा हैदर और सचिन की मुश्किलें बढ़ी, पहले पति ने दोनों को भेजा 3–3 करोड़ का नोटिस



नई दिल्ली ,पाकिस्तान से आई सीमा हैदर पिछले कई महीनों से अपने प्रेमी और भारतीय पति सचिन मीणा के साथ ग्रेटर नोएडा में अपने चार बच्चों के साथ रह रही हैं। लेकिन अब सीमा हैदर की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। सीमा के भारत आने की बात सामने आने के बाद उसके पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर ने बार–बार बच्चों को वापस भेजने की मांग की है। इसके लिए उसने भारत की अदालत में अर्जी देने का भी फैसला लिया है।

गुलाम हैदर का केस भारत में वकील मोमिन मलिक लड़ रहे हैं। हाल ही में इस केस को अपने हाथ में लेने वाले मोमिन मलिक ने बताया है कि क्यों इस मामले में सीमा का पक्ष कमजोर है और अदालत बच्चों को उनके मुवक्किल के पास भेजने का आदेश दे सकती है। इतना ही नहीं पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर की मुश्किलें बढ़ने वाली है। सीमा हैदर के पहले पति ने सीमा के साथ–साथ सचिन को तीन–तीन करोड़ रुपये का नोटिस भेजा है। गुलाम हैदर ने सीमा हैदर के भाई होने का दावा करने वाले डॉ. एपी सिंह को 5 करोड़ रुपये का नोटिस भी भेजा। सीमा और सचिन को गुलाम हैदर ने एक महीने की मोहलत दी है। इस दौरान दोनों को गुलाम से माफी मांगनी होगी और जुर्माना भरना होगा। ऐसा न करने पर दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गुलाम हैदर के वकील मोमिन मलिक ने कहा कि बच्चों का धर्मांतरण कराया गया। उन्होंने चारों बच्चों के नाम बदल दिए, ये उनके साथ ज्यादती है। 10 साल से कम उम्र के बच्चे धर्म के बारे में नहीं जानते हैं। दूसरी ओर सीमा ने गुलाम से तलाक नहीं लिया और सचिन से शादी करने का दावा किया है।

### अब 100 सरकारी स्कूल बनेंगे स्कूल ऑफ ब्रिलियंस, हाईटेक वोकेशनल लैब का भी होगा निर्माण

चंडीगढ़ ,पंजाब विधानसभा में वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा पंजाब का बजट पेश कर रहे हैं। इस दौरान वित्त मंत्री हरपाल चीमा ने स्कूल ऑफ एमीनेंस के बाद अब स्कूल आफ ब्रिलियंस बनाने का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत 100 सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूलों को स्कूल ऑफ ब्रिलियंस में तब्दील किया जाएगा। इसके लिए वित्त मंत्री ने 10 करोड़ रुपए का शुरुआती प्रस्ताव रखा है। इसके अलावा विद्यार्थियों में तकनीकी हुनर पैदा करने के लिए स्कूल आफ अप्लाइड लर्निंग की घोषणा भी की है। इसके लिए भी 10 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रखा है। इसके तहत 40 स्कूलों में हाईटेक वोकेशनल लैब बनाई जाएगी। इसके अलावा इस बजट में स्कूल ऑफ हैप्पीनेस की भी शुरुआत की है। इसमें तीन से 11 साल की उम्र के बच्चों में अनुकूल माहौल पैदा करने के लिए 100 प्राइमरी स्कूलों को स्कूल आफ हैप्पीनेस में बदलने का प्रस्ताव रखा है।

## जेल में बंद कैदियों को कट्टरपंथी बनाने के मामले में एनआईए की बड़ी कार्रवाई

### सात राज्यों में की ताबड़तोड़ छापेमारी




नई दिल्ली ,बेंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने के मामले में एनआईए सात राज्यों में 17 स्थानों पर तलाशी की कार्रवाई कर रही है। आज सुबह से बेंगलुरु और तमिलनाडु समेत अन्य राज्यों में छापेमारी चल रही है। यह छापे आतंकी साजिश में शामिल संदिग्धों से जुड़े हैं। इस साल 12 जनवरी को राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बेंगलुरु लश्कर–ए–तैयबा (एलईटी) जेल कट्टरपंथ और ह्यफिदायीनह्व (आत्मघाती) हमले की साजिश रचने के मामले में एक आजीवन कारावास की सजा पाने वाले और दो भगोड़ों सहित आठ लोगों पर आरोप पत्र दायर किया।

आरोपपत्र में शामिल आरोपियों में केरल के कन्नूर जिले का टी नसीर भी शामिल है, जो 2013 से बेंगलुरु की सेंट्रल जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। वहीं जुनैद अहमद उर्फ जेडी और सलमान खान के विदेश भाग जाने का संदेह है।

अन्य की पहचान सैयद सुहैल खान उर्फ सुहैल, मोहम्मद उमर उर्फ उमर, जाहिद तबरेज उर्फ जाहिद, सैयद मुदस्सिर पाशा और मोहम्मद फैसल रब्बानी उर्फ सदाथ के रूप में हुई है। सभी आठ आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता, गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र दायर किया गया है।

बेंगलुरु सिटी पुलिस द्वारा 18 जुलाई, 2023 को सात आरोपी व्यक्तियों के कब्जे से हथियार, गोला–बारूद, हथगोले और वॉकी–टॉकी की जब्ती के बाद दर्ज किया गया था। बरामदगी तब की गई जब सातों लोग एक आरोपी के घर में एकत्र हुए थे।

## अखिलेश–राहुल को पस्त करने की तैयारी में ओवैसी, मेरठ–बिजनौर में तलाश रहे मजबूत प्रत्याशी



मेरठ , ऑल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लेमीन (एआईएमआईएम) इस बार चुनाव में सपा–कांग्रेस के लिए बड़ा खतरा हो सकती है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की मुस्लिम बहुल सीटों पर एमआईएम मजबूत उम्मीदवारों की तलाश में है। पार्टी ऐसे चेहरों को तलाश रही है जिनकी न सिर्फ क्षेत्र में पकड़ हो बल्कि व दूसरे वोट भी हासिल करने की क्षमता रखता हों।

पिछले साल हुए मेयर के चुनाव में एमआईएम ने अच्छा प्रदर्शन किया था। पार्टी अब लोकसभा चुनाव में न सिर्फ मेरठ बल्कि आसपास की मुस्लिम बहुल सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने जा रही है। पार्टी एलान कर चुकी है कि वह यूपी की 20 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। नगर निगम के चुनाव में पार्टी न सिर्फ पार्षदों की छह सीट हासिल कर ली थी, बल्कि मेयर के चुनाव में सपा–रालोद गठबंधन और बसपा को पछाड़ते हुए एमआईएम का प्रत्याशी मोहम्मद अनस दूसरे नंबर पर रहे। मोहम्मद अनस को सवा लाख से ज्यादा वोट हासिल हुए थे।

सपा–रालोद गठबंधन तीसरे और पिछली बार की विजेता बसपा चौथे स्थान पर रही थी। एआईएमआईएम का पूरा फोकस लोकसभा चुनाव में मुस्लिम बहुल सीटों पर केंद्रित किया हुआ है। पार्टी को लगता है रालोद के पाला बदलने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सपा कमजोर हुई है, जिसका फायदा उठाया जा सकता है।

**मेरठ से मोहम्मद अनस मजबूत दावेदार**

मेरठ–हापुड़ लोकसभा सीट से मेयर चुनाव के उपविजेता मोहम्मद अनस एआईएमआईएम के सबसे मजबूत उम्मीदवारों में से एक हैं। उन्हें पार्टी ने लोकसभा प्रभारी भी बनाया हुआ है। वह अपनी तैयारी भी कर रहे हैं। हालांकि पार्टी के जिलाध्यक्ष इमरान अंसारी का कहना है कि कुछ अन्य दलों के नेता भी पार्टी के संपर्क में हैं।

### आईएसआईएस से जुड़े बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट के तार, 7 राज्यों में एनआईए का छापा, 5 लोग हिरासत में

नई दिल्ली ,। कर्नाटक के बेंगलुरु में मशहूर रामेश्वरम कैफे में 1 मार्च को हुए बम ब्लास्ट के तार आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़ गए हैं। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने मामले में 7 राज्यों में 17 ठिकानों पर रेड की है। एनआईए की टीम ने बेंगलुरु के आरटी नगर में टी नजीर के घर पर छापा मारा। टी नजीर के आईएसआईएस से जुड़े होने का शक है। तमिलनाडु के चेन्नई के रामनाथपुरम में शमशुद्दीन के घर पर भी रेड की गई। एनआईए ने चेन्नई के सिद्दरपेट और बिडयार से 5 लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बता दें, बेंगलुरु के रामेश्वरम कैफे में शुक्रवार को हुए धमाके में 10 लोग घायल हो गए थे। बम स्क्वॉड, फोरेंसिक और ह्ख्न की टीम विस्फोट की जांच कर रही है। इस धमाके की जांच आतंकी एंगल से भी की जा रही है। धमाके से जुड़े दो सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, जिस वक्त धमाका हुआ उस समय रामेश्वरम कैफे में काफी भीड़ थी।

## गुजरात में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका, वरिष्ठ नेता अर्जुन मोढवाडिया बीजेपी में शामिल

अहमदाबाद , गुजरात में लोकसभा चुनाव 2024 से पहले कांग्रेस को एक और झटका लगा हैं। सोमवार को कांग्रेस छोडने वाले वरिष्ठ नेता अर्जुन मोढवाडिया आज भाजपा में शामिल हो गए। गुजरात भाजपा अध्यक्ष सी.आर. पाटील ने उन्हें भगवा टोपी और अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में शामिल कराया। गुजरात में कांग्रेस वरिष्ठ विधायक अर्जुन मोढवाडिया ने सोमवार को पार्टी और अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कांग्रेस द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का बहिष्कार करने को पार्टी छोडने की वजह बताई थी।

मोढवाडिया ने राहुल गांधी के नेतृत्व में ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्न के गुजरात में प्रवेश करने से महज 3 दिन पहले अपने निर्णय की घोषणा कर सबको चौका दिया। मोढवाडिया के कांग्रेस छोडने से कुछ दिन पहले, पार्टी के राज्यसभा सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री नाराण राठवा अपने बेटे और बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए थे। बता दें कि मोढवाडिया गुजरात के सबसे वरिष्ठ और प्रभावशाली विपक्षी नेताओं में से एक रहे हैं। उन्होंने 2022 के चुनावों में पोरबंदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के दिग्गज नेता बाबू बोखिरिया को हराया था। बताया जाता है कि करीब 40 वर्षों तक पार्टी के साथ जुड़े रहे मोढवाडिया पार्टी नेतृत्व की तरफ से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्योता ठुकराए जाने से आहत थे। मोढवाडिया गुजरात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भी रहे हैं।

# शहर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखेंगे हाईटेक कैमरे, कंट्रोल रूम का लोकार्पण



कोटद्वार कोतवाली में कंट्रोल रूम का निरीक्षण करती विस अध्याक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

## • विस अध्यक्ष व एसएसपी ने कोतवाली में कंट्रोल रूम का किया लोकार्पण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर के चप्पे-चप्पे पर नजर रखने के लिए मुख्य चौराहों के साथ ही अन्य स्थानों पर 71 हाईटेक कैमरे लगाए गए हैं। इससे जहां यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी वहीं, अपराध पर भी लगाम लगेगी। मंगलवार को विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली में कैमरे संचालन के लिए बनाए गए कंट्रोल रूम का लोकार्पण किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने पुलिस को जनता के साथ मित्र जैसा व्यवहार रखने के निर्देश दिए। कहा कि कोतवाली में आने वाले हर फरियादी की समस्या का बेहतर तरीके से निराकरण हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएं।

कोतवाली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे व बीईएल निदेशक मनोज जैन ने संयुक्त रूप से कंट्रोल रूम का लोकार्पण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के सहयोग से शहर के अलग-अलग स्थानों पर एक करोड़ छः लाख की लागत से हाईटेक कैमरे लगाए गए हैं। कैमरों की मदद से जहां यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी वहीं, इससे अपराध पर भी विराम लगेगा।

उन्होंने पुलिस को महिलाओं से संबंधित अपराधों पर भी गंभीरता से ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि पुलिस आमजन के साथ मित्रता जैसा व्यवहार रखें। कोतवाली में आने वाले हर फरियादी को न्याय मिले इसके लिए विशेष ध्यान दें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कहा कि शहर की सीमा के साथ ही अलग-अलग स्थानों पर करीब 71 कैमरे लगाए गए हैं।

कैमरे अपलोड करने के लिए बीएल निःशुल्क साफ्टवेयर भी समय-समय पर उपलब्ध करवाता रहेगा। इस मौके पर बीईएल महाप्रबंधक अम्बरीष त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्ष जया बलूनी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव, बाजार चौकी इंचार्ज सूरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

### स्थानीय युवाओं को नौकरी में दें वरीयता

विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड देश के बेहतर विकास में अपना योगदान दे रही है। ऐसे में कोटद्वार इकाई को स्थानीय युवाओं को नौकरी में वरीयता देनी चाहिए। इससे इंजनीयरिंग के बाद युवाओं को अन्य शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। उन्होंने बीईएल से क्षेत्र के पुलों में सोलर लाइट लगाने की भी गुजारिश की। कहा कि क्षेत्र के कई लोग शाम के समय पुलों के आसपास टहलने के लिए आते हैं। इससे उन्हें काफी सुविधा मिलेगी। बीईएल निदेशक मनोज जैन ने जल्द ही इस योजना पर कार्य करने का भी आश्वासन दिया।

# शहरी अजीविका केंद्र का किया शुभारंभ



आजीविका मिशन के अंतर्गत शहरी आजीविका केंद्र का उद्घाटन करती विस अध्यक्ष

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने मंगलवार को दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत शहरी आजीविका केंद्र का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि केंद्र के माध्यम से महिला समूहों द्वारा बनाई गई सामग्री को बाजार में बिक्री के लिए भेजा जायेगा। कहा कि केंद्र व राज्य सरकार महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न लाभदायक योजनाएं चला रही है, जिसका महिलाओं को लाभ उठाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने अपने निजी कार्यालय में जनता की समस्या को सुना और उनके निवारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। मौके पर उन्होंने उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 20 लाभार्थी को गैस कनेक्शन प्रदान किए। इस अवसर पर नगर आयुक्त वैभव गुप्ता, अनीता आर्य, मनीष भट्ट, दीपक लखेड़ा, कमल नेगी और जयदीप सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सामाजिक क्षेत्र में योगदान देने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : ग्रामीण विकास नागरिक विचार मंच की बालासौड़ कार्यालय में हुई बैठक में आठ मार्च को महिला दिवस धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। तय किया गया कि इस दिन दुगड्डा में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शिक्षा, खेल और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 24 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में मंच के अध्यक्ष प्रवेश नवानी, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत, शंकर दत्त, शिव प्रकाश कुकरेती, राकेश लखेड़ा आदि मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव


**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम एवं लोकेशन | 13/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 दूसरी कालः मुरादाबाद मण्डल में आरजीएम/ट्रैक मशीन साइडिंग के प्रावधान के लिए विद्युत कार्य। |
| अनुमानित लागत (₹ में) | ₹1,68,00,148.80 (जीएसटी सहित) |
| बिड सिक्योरिटी राशि (₹ में) | ₹2,34,000/- |
| कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | विद्युत शाखा मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |
| कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | 6 (छः) माह |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | निविदायें दिनांक 27.03.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं.: 09/2024 दिनांक 05.03.2024 700/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# 'मेरे घर राम आए हैं..', भजन की दी प्रस्तुती ने मोहा मन





कोटद्वार के क्रेडल पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : निंबूचौड़ स्थित क्रेडल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। इस दौरान 'मेरे घर राम आए हैं..', भजन की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विद्यालय परसिर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक रेणुका गुसाईं, आशा नेगी व बीएस नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरांत बच्चों ने बैंड की धुन पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। बच्चों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी, हिंदी, पंजाबी सहित अन्य गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए। नर्सरी द्वारा 'मेरे घर राम आए हैं..', भजन दी गई प्रस्तुति को दर्शकों ने सबसे अधिक सराहा। इस मौके पर सिमरन शाह, कनक नेगी, लविश सेलानी, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन उत्कर्ष रावत ने किया।

# औषधीय गुणों से भरपूर हैं पहाड़ों में उगने वाले पौधे

## राजकीय महाविद्यालय वेदीखाल में आयोजित की गई कार्यशाला



आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते विशेषज्ञ

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय वेदीखाल में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को पहाड़ों में उगने वाले औषधीय गुणों से भरपूर पौधों के बारे में जानकारी दी गई। कहा कि पहाड़ों में कई ऐसे पौधे हैं उनके उपयोग से हम कई बीमारियों को शरीर से दूर भगा सकते हैं। मंगलवार को महाविद्यालय में उत्तराखंड साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर देहरादून के सहयोग से कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी। राष्ट्रीय संगोष्ठी के समन्वयक व जंतु विज्ञान के डा. सुशील भदूला व चीफ गेस्ट डा. हेमंत बिष्ट ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य जैव विविधता के पारंपरिक ज्ञान को लिपिबद्ध करना है। इसके तहत आमजन को औषधीय पदापों की महत्ता, उनके पारंपरिक ज्ञान व आयुर्वेद, यूनानी व सिद्धा चिकित्सा प्रणाली के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बताया कि प्रदेश में एक हजार ऐसे पौधे हैं जो औषधीय गुणों से भरपूर हैं। इसने पीलिया, मधुमेंह, उक्त रक्तचाप व पाचन सहित कई अन्य बीमारियों को दूर किया जा सकता है। डा. हेमंत बिष्ट ने तुलसी, हल्दी, आम, आंवला, शतावर जैसे कई पौधों के गुणों के बारे में बताया। प्राचार्य डा. अनुपम त्यागी ने बताया कि विद्यार्थियों को जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। इस मौके पर डा. सतीश चंद्र, डा. भूपेंद्र कुंवर, डा. विश्वास बरनी, डा. अतुल सिंह, डा. नीलम, डा. क्षेत्रपाल पंडीर आदि मौजूद रहे।






BHARAT ELECTRONICS

QUALITY. TECHNOLOGY. INNOVATION.

**भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड**

(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)

(CIN: L32309KA1954GOI000787)

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, एक नवरत्न एवं भारत सरकार की प्रमुख व्यावसायिक इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी है जिसे अपने कोटद्वार एकक हेतु स्थायी तौर पर निम्नलिखित पद की आवश्यकता है:–

I. कार्यपालक पदः

| क्र. सं. | पद | अहर्तायें | Minimum Experience | No. of Posts | Grade & Pay Scale |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सा अधिकारी | एमबीबीएस | 2 वर्ष | 2 (1-UR & 1-OBC-NCL) | E-II / Rs. 40000-3%-140000 |

आवेदन की अंतिम तिथि 27.03.2024. है विस्तृत विवरण हेतु कृपया हमारी वेबसाइट www.bel-india.in देखें।

प्रबन्धक (मा.सं.एवं प्र)

दूरभाष: 01382–236450

'हर एक काम देश के नाम'


# मेहंदी में इंदिरा व पोस्टर में गौरव रहा अव्वल





महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय में आयोजित छात्र संघ साप्ताहिक प्रतियोगिताओं का समापन हो गया है। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता में इंदिरा व पोस्टर प्रतियोगिता में गौरव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छात्र संघ प्रभारी डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम इंदिरा बीएड प्रथम सेम, द्वितीय रागिनी प्रभाकर बीएससी चतुर्थ सेम, नंदिनी सक्सेना बीएससी बायोटेक द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम गौरव बीए चतुर्थ सेम, वैशाली रावत एमए चतुर्थ सेम द्वितीय एवं शिखा गौड़ बीए चतुर्थ सेम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रथम सुजल वर्मा बीजेएमसी चतुर्थ सेम, द्वितीय आंचल बीएड प्रथम वर्ष, तृतीय शीतल पोखरियाल बीए द्वितीय सेम ने प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम नंदिनी गुप्ता बीकाम चतुर्थ सेम, द्वितीय पल्लवी लखेड़ा बीएड द्वितीय वर्ष एवं तृतीय स्थान निधि बीएड प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रथम मनीषा नेगी एमए द्वितीय सेम, द्वितीय शिवम बलोदी बीए तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान अनुराग बडोनी बीएड प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम आंचल ध्यानी बीएससी चतुर्थ सेम, द्वितीय वैशाली रावत एमए चतुर्थ सेम व प्रज्ज्वल बिष्ट बीकॉम चतुर्थ सेम तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता के पक्ष में प्रथम सुजल वर्मा बीजेएमसी चतुर्थ सेम, द्वितीय अमन कोटनाला बीएड प्रथम वर्ष, तृतीय स्वाति ध्यानी एमएससी द्वितीय सेम तथा विपक्ष में प्रथम अभय जुयाल एमएससी चतुर्थ सेम, द्वितीय नितिन कोटनाला एमए चतुर्थ सेम, तृतीय स्थान रिया कुकरेती एमए चतुर्थ सेम ने प्राप्त किया। इन प्रतियोगिताओं में डॉ. सीमा कुमारी, डॉ. श्वेता कुकरेती, डॉ. अंजू थपलियाल, डॉ. श्रद्धा, डॉ. मीनाक्षी वर्मा, डॉ. पूनम गैरोला, डॉ. नेहा कुकरेती, डॉ. अमित गौड, डॉ. जुनीष कुमार, डॉ. अरुणिमा, डॉ सुमन कुकरेती, डॉ विजयलक्ष्मी,डॉ सुनीता नेगी, डॉ प्रियम अग्रवाल,डॉ सरिता चौहान, डॉ स्मिता तिवारी, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. अंशिका बंसल, डॉ. हरीश प्रजापति, डॉ. हितेंद्र कुमार, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. नवरत्न सिंह, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. शोभा रावत, डॉ. सुरेखा घिल्डियाल, डॉ. प्रियम अग्रवाल व डॉ. सोमेश ढोंडियाल निर्णायक की भूमिका निभाई।

# स्वयं सेवियों को बताया एनएसएस का महत्व

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर स्थित भगवंत ग्लोबल विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर आरंभ हो गया है। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया।

शिविर का शुभारंभ विवि के प्रतिकुलपति प्रो. पीएस राणा व स्वामी जयंत सरस्वती द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतिकुलपति ने कहा कि एनएसएस का शिक्षा में बड़ा महत्व है। यह सेवाभाव का बोध कराकर समाज में व्याप्त कुरीति व अन्धविश्वास को दूर कर समाज सेवा की भावना जगाता है। मौके पर स्वयं सेवकों द्वारा एनएसएस गीत, राष्ट्रगान व सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर सहायक कार्यक्रम अधिकारी रितु व सभी एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


**भारतीय रेल**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**"सार्वजनिक अधिसूचना"**

रेलवे लाइनों और परिसर के सभी उपयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उत्तर रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25 के.वी., 50 हर्ट्ज, ए.सी शिरोपरी कर्षण तारों को खंड के सामने निर्दिष्ट तिथि पर या उसके बाद विद्युतीकृत किया जायेगा। उस तारीख और उसी तारीख से शिरोपरी कर्षण तारों को हर समय विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति उक्त शिरोपरी कर्षण तारों के पास न तो पहुंचेगा और न ही काम करेगा।

| खंड | RKM (दिनांक) |
|---|---|
| उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के टोडरपुर स्टेशन की डाउन लूप लाइन स्थान 1198/20 (चः 1198/459.50) से स्थान 1199/28 (चः 1199/778.00) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन | 1.319 (18.03.2024) |

**25 के.वी. ए.सी. कर्षण का परिचय**

**"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"**

जनता की जानकारी के लिए यह सूचित किया जाता है कि 25 kV AC इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन ओवर शुरू करने के संबंध में **"उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के टोडरपुर स्टेशन की डाउन लूप लाइन स्थान 1198/20 (चः 1198/459.50) से स्थान 1199/28 (चः 1199/778.00) तक जिसमें संबंधित टर्न आउट और X-ओवर शामिल हैं और मौजूदा लाइनों में संशोधन"** हाइट गेज सभी लेवल क्रासिंग पर लगाये है, जो सड़क की ऊंचाई से **4.78 मीटर** की अधिकतम ऊंचाई पर स्पष्ट ऊंचाई के साथ है, अत्यधिक ऊंचाई के भार को संपर्क में आने या लाइव ट्रैक्शन वायर से खतरनाक निकटता को रोकने के उद्देश्य से।

सार्वजनिक रूप से वाहनों को लोड करने के उद्देश्य के लिए ऊपर निर्दिष्ट ऊंचाई का निरीक्षण करने के लिए सूचित किया गया है और यह देखने के लिए कि सड़क वाहनों में किए गए भार किसी भी परिस्थिति में ऊंचाई गेज का उल्लंघन नहीं करते हैं।

**अत्यधिक ऊंचाई के भार के खतरे इस प्रकार हैं :**

i) ऊंचाई गेज के लिए खतरा और परिणामस्वरूप सड़क के साथ–साथ रेलवे लाइन में बाधा।

ii) सामग्री या उपकरण या वाहन के लिए खतरा।

iii) सुचालक के साथ संपर्क या खतरनाक निकटता के कारण आग का खतरा और जीवन का खतरा।

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/निर्माण, उ.रे., मुरादाबाद

सं. 17-Elect/C/TRD/MB/124 दिनांकः 05.03.2024 692/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# संगठन ने फैसले का किया स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : अशासकीय महाविद्यालयों व अशासकीय इंटर कॉलेज में प्रोफेसरों, शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के लिए समिति गठित करने के सिफारिश का बीएड प्रशिक्षित युवा संगठन ने स्वागत किया है।

बीएड प्रशिक्षित युवा संगठन के प्रवक्ता अरविन्द दुदपुड़ी ने कहा कि उत्तराखण्ड के युवा लम्बे समय से अशासकीय महाविद्यालयों तथा अशासकीय विद्यालयों में एक पारदर्शिता पूर्ण नियुक्ति प्रक्रिया की मांग कर रहे थे। उन्होंने मांग की कि अशासकीय महाविद्यालयों तथा अशासकीय विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति में उत्तर प्रदेश की तर्ज पर अधिकतम आयु सीमा का प्रावधान न रखा जाय। साथ ही इन विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति के लिए अलग आयोग का गठन किया जाय।

## भाजपा महिला मोर्चा ने रैली निकाली

श्रीनगर गढ़वाल : नारी शक्ति वंदन योजना के तहत भाजपा महिला मोर्चा श्रीनगर ने स्कूटी रैली निकाली। रैली निकालते हुए महिलाओं ने नारी शक्ति के सम्मान में चलाई जा रही योजनाओं पर पीएम मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंगलवार को महिला मोर्चा के प्रदेश मंत्री अनीता बुढ़ाकोटी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली पौड़ी चुंगी से होते हुए गोला बाजार से गढ़वाल लोकसभा कार्यालय अदिति स्मृति न्यास में समाप्त हुई। इस मौके पर महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं का मान सम्मान बढ़ने के साथ ही विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं से लाभांवित हुई हैं। इस मौके पर पौड़ी जिले की महिला मोर्चा की प्रभारी नेहा शर्मा, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मीना गैरोला, कार्यक्रम संयोजक मीना असवाल, सह संयोजक मीना असवाल, मंडल अध्यक्ष ऊषा कंडारी, अजंना डोभाल, नगमा तोफिक, प्रमिला भंडारी, विजयलक्ष्मी, आशा फरासी, मोनिका कंडारी, प्रीति बडोनी सहित अदि मौजूद थे। (एजेंसी)

## भगवान राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया

श्रीनगर गढ़वाल : अयोध्या में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के विराजमान होने की खुशी में शाश्वत धाम लछमोली में रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। शाश्वत धाम के संस्थापक स्वामी अद्वैतानंद ने सभी से भगवान राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कथावाचक आचार्य ब्रहमानंद उनियाल ने कहा कि रामकथा जीवन को जीना सिखाती है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कीर्तिनगर सोबन सिंह पंवार, डॉ. अरविंद दरमोड़ा, हेमंत उनियाल, जयप्रकाश कृथवाल ने अयोध्या में भगवान राम को भव्य रूप से विराजमान होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। (एजेंसी)

# कोटद्वार से जयपुर के लिए होगा ट्रेन का संचालन



दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय मीडिया सलाहकार अनिल बलूनी से मुलाकात करते जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने कोटद्वार से जयपुर के लिए ट्रेन संचालन का आश्वासन दिया है। कहा कि वह एक सप्ताह के भीतर ही इस ट्रेन के संचालन का प्रयास करेंगे। इस संबंध में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने राष्ट्रीय मीडिया सलाहकार अनिल बलूनी से मुलाकात की थी।

भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने इस संबंध में राष्ट्रीय मीडिया सलाहकार अनिल बलूनी से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय जनता व व्यापारियों को हित को देखते हुए कोटद्वार से जयपुर के लिए ट्रेन संचालन किया जाना चाहिए। इस ट्रेन का लाभ गढ़वाल के साथ ही कुमाऊं के लोगों को भी मिलेगा। समस्या को गंभीरता से लेते हुए अनिल बलूनी ने रेल मंत्री अश्विन वैष्णव से फोन पर वार्ता की। जिसके बाद उन्होंने एक सप्ताह के भीतर ट्रेन संचालन का आश्वासन दिया। इस मौके पर मनोज पांथरी, शांतनु रावत, दर्शन सिंह, राम प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## काव्य पाठ कर कवियों ने बांधा समा

श्रीनगर गढ़वाल : हिमालयन साहित्य एवं कला परिषद श्रीनगर, समय साक्ष्य प्रकाशन देहरादून व नवसृजन संस्था रूड़की के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित साहित्य समारोह में नीरज नैथानी द्वारा लिखित पुस्तक हिमालय में पथारोहण पर विस्तृत परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीबीएस कॉलेज देहरादून संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो राम विनय सिंह ने पुस्तक तथा लेखक के संदर्भ में विचार प्रकट करते हुए कहा कि इस पुस्तक में हिमालय क्षेत्रों का लेखक द्वारा अच्छा वर्णन किया गया है। कार्यक्रम को डॉ. राजेश जैन, प्रो. एसके पुण्डीर सरित आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर कविता पाठ का भी आयोजन किया गया, जिसमें पंकज त्योगी, अकला धनशाला, नवीन शरण निश्चल, अनुपमा गुप्ता आदि ने जोरदार कविता पाठ किया। मंच संचालन प्रसिद्व कवि जयकृष्ण पैन्यूली द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. उमा मैठानी द्वारा की गयी। (एजेंसी)


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम वेदांश (पुराना नाम) से बदलकर वेदांश नेगी (नया नाम) कर लिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को वेदांश नेगी (नया नाम) पुत्र प्रसन्न नेगी के नाम से जाना पहचाना जाय।

**पता हाऊस नंबर-462, वार्ड नंबर-18 शिबपुर, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड-पिन कोड- 246149।**



**कार्यालय ग्राम पंचायत काण्डा, विकासखण्ड कल्जीखाल गढ़वाल**

**अल्पकालीन निविदा**

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 07/03/2024 से 09/03/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में 10:00 बजे से पूर्वाहन से 14:00 बजे सांय तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते है, तथा दिनांक 11/03/2024 को अपराहन 14:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है, निविदा प्रपत्रों का दिनांक 12/03/2024 को अपराहन 1:30 बजे उपस्थित निविदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम प्रधान काण्डा के कार्यालय में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म व ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पंचायत भवन निर्माण (अनु0 लागत 10 लाख) | 28500.00 (अठाईस हजार पांच सौ रूपए मात्र) | 500 | 07 दिन | 180 दिन | डी एवं उच्चतर आर0डब्ल्यू0डी0 जिला पंचायत पौड़ी में किसी भी विभाग में पंजीकृत ठेकेदार |

1- निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर राशि एन0एस0सी0/बैंक एफ0डी0आर0/पोस्ट ऑफिस पास बुक के रूप में जो कि ग्राम प्रधान काण्डा के पदनाम बन्धक ही मान्य होगी।

2- निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 (एक सौ रू0) का स्टाम्प पेपर एवं रू0 1.00 का हस्ताक्षर युक्त रसीद टिकट हो, वैद्यता की शर्तो को लाना अनिवार्य है इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

3- निविदा की शर्ते जी0पी0 डब्ल्यू-08 जी0पी0डब्ल्यू-09, निविदा प्रपत्र 69/70 के अनुसार होगी, एवं निविदा की अन्य शर्तें/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है।

4- किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

नोट - निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।

**ग्राम प्रधान काण्डा**
**विकासखण्ड कल्जीखाल**
**जनपद पौड़ी गढ़वाल।**

# महिलाएं स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे : एसएसपी

## शिविर में 110 महिलाओं ने कराया उपचार



एसएसपी श्वेता चौबे रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ करते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि।पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे की पहल पर रोटरी क्लब देहरादून एवं हिमालयन हॉस्पिटल जॉलीग्रान्ट के सहयोग से पुलिस लाईन पौड़ी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक महिला पुलिस कार्मिक व 60 पुलिस परिवार की महिलाओं ने उपचार कराया। इस मौके पर एसएसपी ने सभी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने हेतु किया प्रेरित।

एसएसपी श्वेता चौबे ने रिबन काटकर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में एसएसपी ने अपना हेल्थ चेकअप कराया। तत्पश्चात समस्त महिला पुलिस कार्मिक व पुलिस परिवार की महिलाओं द्वारा अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कैंसर विशेषज्ञ महिला चिकित्सक डॉ. शीजा व डॉ. अनमोल ब्रेस्ट कैंसर होने के मुख्य कारणों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। साथ ही कैंसर से बचाव/सावधानियों के बारे में जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। इसके अतिरिक्त महिला चिकित्सकों द्वारा महिलाओं से सम्बन्धित अन्य स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में उचित परामर्श/सुझाव दिये गये और किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या होने पर समय से जांच कराने हेतु प्रेरित किया। साथ ही सभी को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने एवं समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण कराने हेतु सलाह दी गयी। इस मौके पर एसएसपी ने कहा कि किसी भी परिवार में महिला ही परिवार की धुरी होती है जो कि हर मुसीबत में अपने परिवार के साथ खड़े होती है व पूरे सर्मपण भाव से अपने परिवार की देखभाल करती हैं। महिलाओं के अस्वस्थ होने पर पूरे परिवार का टाइम टेबल गडबड़ा जाता है व पूरा परिवार तक अस्वस्थ हो जाता है। महिलाओं हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर व कैंसर जागरूकता को आयोजित कराने का उदेश्य महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के बारे में जागरूक कर समय-समय पर अपना चेकअप कराने हेतु प्रेरित करना है, क्योंकि महिलाएं अक्सर स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों से जूझती रहती है, लेकिन किन्हीं कारणों से अपनी परेशानियों का बताने में संकोच करती है, जिस कारण छोटी-छोटी बीमारियां भी बड़ा रूप ले लेती है व आगे चलकर यह घातक हो जाती है। एसएसपी ने कहा कि समय से अपने स्वास्थ्य की जांच कराकर हम भविष्य में होने वाली बड़ी बीमारियों से बच सकते है। कहा कि महिलाएं अपने स्वाथ्य का पूरा ध्यान देने के साथ-साथ नियमित रुप से व्यायाम, योगा व खेल खेलती रहे। शिविर में हिमालयन हॉस्पिटल की कैंसर विशेषज्ञ डॉ. शीजा, डॉ. अनमोल, गाइनोलॉजिस्ट डॉ. समृद्धि एवं नर्सिंग अधिकारी प्रियंका तिवारी, रोटरी क्लब की सचिव श्रीमती अंजना, श्रीमती आदर्श आदि उपस्थित रहे।

## गुलदार ने गाय को बनाया निवाला

श्रीनगर गढ़वाल : जनपद पौड़ी गढ़वाल में गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। आये दिन गुलदार के हमले प्रकाश में आ रहे है। विकासखंड खिर्सू के अंतर्गत ग्राम सभा सुमाड़ी में गुलदार ने गौशाला तोड़कर वहां बंधी दुधारू बद्री गाय को मार डाला। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने और पशुपालक को मुआवजा देने की मांग की है। (एजेंसी)

## पराक्रम को याद किया

चमोली : प्रथम विक्टोरिया क्रॉस विजेता दरवान सिंह नेगी की 141वीं जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सैन्य शौर्य और पराक्रम को याद किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता भुवन नौटियाल ने बताया कि वॉर मेमोरियल फाउंडेशन समिति काफारतीर कडाकोट की ओर से नारायणबगड़ में कार्यक्रम हुआ।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ एनएसएस शिविर शुरू

चमोली : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर का सात दिवसीय विशेष शिविर सोमवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ जड़ी बूटी शोध संस्थान मंडल में शुरू हो गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख दशोली भगत सिंह बिष्ट ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रों में समाज सेवा से राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास करता है। कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य प्रो. कुलदीप नेगी ने कहा कि विशेष शिविरों के माध्यम से छात्र समाज की विभिन्न समस्याओं को करीब से देखते हैं और उनके निराकरण के लिए चिंतन करते हैं। क्षेत्र पंचायत सदस्य राजेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि एनएसएस समाज से जुड़ने का एक सशक्त मंच है। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वंदना लोहनी ने बताया कि शिविर के दौरान स्वयं सेवी मतदाता जागरुकता, स्वच्छता, नशा मुक्ति, साइबर अपराध, भ्रूण हत्या से संबंधित अभियानों से स्थानीय नागरिकों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर डॉ. रचना टम्टा, डॉ. डीएस नेगी, ग्राम प्रधान मंडल पुष्कर सिंह बिष्ट, ग्राम प्रधान बणद्वारा हरेंद्र सिंह नेगी, ग्राम प्रधान सिरौली प्रमोद सिंह बिष्ट, बीडीसी सदस्य सिरौली राकेश कुमार, अरविंद सिंह बिष्ट, विक्रम गुसाईं, रविंद्र सिंह, विनोद राणा छात्रसंघ अध्यक्ष आयुष गौड़, दीपक बिष्ट, हिमांशु मलेठा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली

चमोली : भाजपा महिला मोर्चाकी जिलाध्यक्ष डॉ. हिमानी वैष्णव के नेतृत्व में मंगलवार को भाजपा महिला कार्यकर्ताओं समेत पार्टी के पदाधिकारियों ने गोपेश्वर में स्कूटी रैली निकाली। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत का दावा करते हुए गुलाल उड़ाकर बधाई दी। भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने हाथों पर मेहंदी भी लगाई। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. हिमानी वैष्णव, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, भाजपा की वरिष्ठ नेता चंद्र कला तिवारी, कला पाठक, सरस्वती टम्टा ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीतेगी। महिला नेताओं ने कहा कि सरकार ने महिला शक्ति वंदन जैसे महत्वपूर्ण कदम उठा कर महिलाओं को जो सम्मान दिया है।



# मुख्यमंत्री के रोड शो में उमड़ा लोगों का हुजूम

जयन्त प्रतिनिधि : देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को बड़कोट, उत्तरकाशी में मुख्य बाजार, बड़कोट से रामलीला मैदान तक आयोजित रोड शो में प्रतिभाग किया। इस दौरान हजारों की संख्या में मौजूद महिलाओं, क्षेत्रीय जनता ने मुख्यमंत्री का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रंवाई क्षेत्र की जनता के भव्य स्वागत से मुख्यमंत्री अभिभूत नजर आए। मुख्यमंत्री ने भी लोगों पर पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह, भाजपा जिला अध्यक्ष सतेंद्र राणा, विधायक दुर्गेश्वर लाल, विधायक सुरेश चौहान, विधायक संजय डोभाल, मीडिया प्रभारी भाजपा मनवीर चौहान एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## समस्याओं को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

चमोली : विकासखण्ड थराली की विभिन्न समस्याओं को लेकर बिनसर महादेव समिति द्वारा तहसीलदार थराली के माध्यम से जिलाधिकारी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि लोल्टी-माल बजवाड़ मोटर मार्ग को पोखरी तक बनाया जाए और मार्ग के नौणा गधेरे में पुल का निर्माण किया जाए। ज्ञापन में कुलसारी-मेटा-आलकोट-डोभा मोटर मार्ग को ठीक किया जाए और इस मार्ग पर कार्य की गुणवत्ता ठीक की जाए। थराली-किमनी मोटर मार्ग का निर्माण गुग्वा तक किया जाये, ताकि वहां के लोग सड़क से जुड़ सके। ज्ञापन भेजने वालों में विनसर महादेव विकास मंच के संरक्षक देवी दत्त उनियाल, अध्यक्ष देवेंद्र सिंह कंडारी, कार्यकारी अध्यक्ष भूधर नेगी, सुरेंद्र सिंह नेगी, विधिक सलाहकार नंदन सिंह रावत आदि शामिल है। (एजेंसी)

# मंत्री ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास

कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत विकास कार्यो का शिलान्यास करते हुए।




जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : प्रदेश के उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य मंत्री व श्रीनगर विधायक डॉ. धन सिंह रावत ने विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किये। उन्होंने श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र को करोड़ों योजनाओं की सौगात दी। उन्होंने कहा कि लगातार क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं, जिसका लाभ आम जनमानस को मिल रहा है कैबिनेट मंत्री ने राजकीय इंटर कालेज टीला के मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का 16.86 लाख की लागत से लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने आंगनबाड़ी भवन का शिलान्यास तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम टीला एवं डोबरी में पेयजल योजना का लोकार्पण किया। मंत्री ने टीला में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के नये भवन का भूमिपूजन भी किया। इधर पैठाणी में पंचायत भवन स्योली मल्ली का 10 लाख की लागत से शिलान्यास व राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्योली मल्ली के भवन के सौंदर्यीकरण/मरम्मत कार्यों का 4 लाख तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम किमोली एंव स्योली मल्ली पेयजल योजना का लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज खंड मल्ला के भवन का 217.51 लाख से लोकार्पण किया। साथ ही हैल्थ एवं वैलनेस सेंटर भवन का 10 लाख व 10 लाख की लागत से खंड मल्ला में नये बहुउद्देशीय भवन का लोकार्पण किया।

# जल निकायों और जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी से पूर्ण करें : डीएम



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में निर्मित, निर्माणाधीन और प्रस्तावित अमृत सरोवरों और जल जीवन मिशन के कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को दिये।

डीएम ने निर्देश दिये कि विभिन्न स्थानों पर नये निर्मित किये जाने वाले जल निकायों व तालाबों का इस बात को लेकर पहले सर्वे करें कि किस स्थान पर और कितनी धारिता के जल निकाय निर्मित किये जाने चाहिए, ताकि उसका आसपास की आबादी के लिए पेयजल, खेती सिंचाई या उसके नीचले इलाकों में हरियाली इत्यादि में वृद्धि की संभावना हो। उन्होंने कहा कि जो भी जल निकाय बनाये जाते हैं उसको बड़े लेवल का बनायें तथा उस जल निकाय से वास्तव में संसाधनों के विकास में वृद्धि भी संभव होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने इस दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल निगम, जल संस्थान, स्वजल, वन विभाग और हंस फाउंडेशन को पंपिंग, ग्रेविटी और सोलर पंपिंग वाली स्कीमों के कार्यों की प्रगति तेजी से बढ़ाने के निर्देश दिये। इन कार्यों की भौतिक प्रगति, स्त्रोत की जियो टैगिंग और गुणवत्तापूर्ण वाटर टेस्टिंग के कार्यों की भी तेजी से प्रगति बढ़ाने को कहा। बैठक में अधीक्षण अभियंता पेयजल मो. मिशम, अधीक्षण अभियंता जल संस्थान पीके सैनी, जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, अधिशासी अभियंता जल संस्थान एसके राय, परियोजना प्रबंधक स्वजल दीपक रावत, एआर कॉपरेटिव पान सिंह राणा, एसडीओ वन विभाग लक्की शाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

नई टिहरी : ब्लाक मुख्यालय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का विभिन्न मांगों को लेकर 15वें दिन भी धरना जारी रहा। कार्यकताओं का कहना है कि सरकार ने जल्द मांग नहीं मानी तो आंदोलन तेज किया जाएगा। मंगलवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का चंबा ब्लाक में धरना-प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शन कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि मानदेय को लेकर लगातार राज्य सरकार को बताया जा रहा है। लेकिन सरकार इस पर ठोस निर्णय नहीं ले रही है। उनकी मांग है कि न्यूनतम मानदेय 600 रुपये प्रतिदिन या मासिक 18 हजार रुपये मासिक किया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को रिटायरमेंट पर दो लाख की धनराशि दी जाए। (एजेंसी)

# झूलते तारों, खोदी सड़क से हो रही परेशानी को ठीक करें: डीएम



नई टिहरी : मंगलवार को नरेंद्रनगर तहसील में आयोजित तहसील दिवस में पहुंचे डीएम मयूर दीक्षित ने जनसस्याओं को सुना।

ग्राम लग्गा पटेल, धारकोट पट्टी से आए मोहन सिंह ने बताया कि पुश्तैनी रास्ते पर आवाजाही को रोका जा रहा है। डीएम ने पटवारी को मौके पर जाकर समस्या के निस्तारण के निर्देश दिए। तपोवन, ऋषिकेश निवासी नरेश चंद्र बौठियाल ने पानी कनेक्शन न मिलने को लेकर शिकायत की। ढालवाला निवासी रणवीर चमोली ने सीवर लाइन के लिए खोदी गई सड़कों के कारण हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। डीएम ने नगर पालिका ढालवाला, मुनिकीरेती के अधिकारियों को समस्या सुलझाने को कहा। (एजेंसी)




## स्वयं सेवियों ने मतदान जागरुकता रैली निकाली

नई टिहरी : पीजी कॉलेज नई टिहरी के एनएसएस स्वयंसेवियों ने मंगलवार को पुलिस लाइन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया। रैली निकाल पोस्ट ऑफिस, आईटीआई कॉलोनी और छमुंड गांव में लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वीपी सेमवाल ने मतदाताओं से आने वाले चुनाव में शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि मजबूत लोकतंत्र में मतदान जरूरी है। पीजी कॉलेज के बूथ संख्या 97 में कम मतदान को लेकर चिंता जताते हुए यहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दिया। (एजेंसी)

# उत्तराखण्ड में बना है व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण : मुख्यमंत्री



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को राजपुर रोड स्थित होटल में उद्योग विभाग द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट-2023 में हुए निवेश प्रस्तावों की ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 11 परियोजनाओं का शिलान्यास करने के साथ ही उद्योग विभाग के 64 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर स्टार्टप उत्तराखण्ड ग्राण्ड चेंलेंज 2022-23 के विजेताओं साक्षी एण्ड ग्रुप, अंकुश गर्ग, सौम्यदीप एण्ड अभि, लव शर्मा, मयंक बिष्ट, अरूण शर्मा, तेजस एण्ड वंश, समृद्धि एण्ड ग्रुप, समृद्धि एण्ड शिव साक्षी, कुलदीप बिष्ट को पुरस्कृत भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज ग्राउंडिंग सेरेमनी के तहत 27 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिग की जा रही है, इस प्रकार अब तक 71 हजार करोड़ की परियोजनाओं की ग्राउण्डिग की जा चुकी है। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि आप हमारे ब्राण्ड अम्बेस्डर ही नहीं, बल्कि उससे भी बढ़कर की भूमिका आप लोगों ने निभाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के सपने साकार हो रहे हैं तथा व्यापार, विकास और विश्वास का वातावरण बन रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ग्राउण्डिंग हमारे द्वारा सम्पादित एमओयू का 20 प्रतिशत है, जो हमने महज 3 माह में प्राप्त किया है। इसे हम शत-प्रतिशत करेंगे। उन्होंने कहा कि हमने इन्वेस्टर समिट के दौरान जो सपने देखे थे, वे सपने अब धीरे-धीरे धरातल पर उतरने लगे हैं। कहा कि अवस्थापना के क्षेत्र में आज निरन्तर प्रगति हो रही है। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में चाहे रेल हो, सड़क हो या हवाई इसमें लगातार सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिथौरागढ के लिये 42 सीटर हवाई जहाज संचालन की अनुमति मिल चुकी है तथा पंतनगर को अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के तहत हुए 3.56 लाख करोड़ के एमओयू को इसी तरह समय-समय पर धरातल पर उतारने का काम आप सभी के सहयोग से किया जाएगा। हमारा प्रयास उत्तराखण्ड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के साथ ही एक मॉडल स्टेट के रूप में विकसित करने का संकल्प है।

# शंकराचार्य ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को भेजा पत्र



चमोली : शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट को पत्र भेजकर जोशीमठ आपदा प्रभावितो की मांगों पर जल्द साकारात्मक कार्यवाही करने की मांग की। प्रभावितों का नगर के सुरक्षित स्थानों या निकटवर्ती जगहों में ही विस्थापन की मांग उठाई। पत्र में शंकराचार्य ने कहा कि आदि शंकराचार्य की तपस्थली ज्योर्तिमठ में लोग सदियों से निवास कर रहे हैं, विस्थापन की दशा में भी उनकी पहचान जोशीमठ निवासियों के रूप में ही रहनी चाहिए। अलकनंदा किनारे जरूरी जगहों पर तटबंध बनाने आदि की मांग की। (एजेंसी)

## ईंट से भरा ट्रक पलटा, चालक व हेल्पर घायल

नई टिहरी : ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर एनएचपीसी मोड़ के समीप सामने से आ रहे वाहन से टकराने से बचने की कोशिश में ईंट से भरा ट्रक सड़क पर पलट गया। दुर्घटना में चालक व हेल्पर घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी बागी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। चौकी प्रभारी बछेलीखाल दीपक लिंगवाल ने बताया कि मंगलवार तड़के मंगलौर, हरिद्वार से ईंट लेकर श्रीनगर जा रहा ट्रक पहाड़ी की ओर टकराकर सड़क पर पलट गया। दुर्घटना में चालक नईम पुत्र जरीफ व हेल्पर शौकीन पुत्र फिरोज दोनों निवासी मोहल्ला मलकापुरा, मंगलौर हरिद्वार घायल हो गए। चालक का हाथ जहां फैक्चर हो गया, वहीं हेल्पर के सिर पर चोटे आई है। पुलिस टीम ने दोनों घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।

# सड़क निर्माण का विवाद सुलझाने पर किया ईई का स्वागत



नई टिहरी : दस साल से लंबित चानी-तिसरियाड़ा-विनयखाल मोटर मार्ग के पहले चरण को लेकर चल रहा विवाद खत्म हो गया है। समस्या का समाधान करने पर ग्रामीणों ने ईई का आभार जता उनका स्वागत किया। स्वीकृति के बाद बीते दस सालों से मार्ग का सर्वे नहीं हो पा रहा था। जिसे लेकर उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी लोकेंद्र दत्त जोशी के नेतृत्व में ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल लोनिवि के अधिशासी अभियंता डीसी नौटियाल से मिला था। ईई मंगलवार को गांव पहुंचे और निर्माण कार्य का सर्वे करवाया। ईई ने ग्रामीणों से वार्ता करते हुए आपसी विवाद भी सुलझाया। लोकेंद्र दत्त जोशी ने बताया कि राज्य गठन के 24 साल बाद भी गांव सड़क से नहीं जुड़ पाया। (एजेंसी)

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com